# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 19 जनवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 19 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## एनआरआई डॉक्टर कपल 14.85 करोड़ फ्रॉड व 'डिजिटल अरेस्ट' केस में पुलिस को कामयाबी

### गुजरात से 2 दबोचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने राजधानी में बुजुर्ग एनआरआई डॉक्टर दंपती को दो हफ्ते से अधिक समय तक डिजिटल अरेस्ट कर 14.85 करोड़ रुपये ठगने के आरोपी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान दिव्यांग पटेल (28) और कृतिक शितोले (26) के रूप में हुई है, जो गुजरात के रहने वाले हैं। दोनों को गुरुवार को वडोदरा से गिरफ्तार किया गया और ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया। एक अदालत ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। यह मामला साइबर फ्रॉड से संबंधित है, जिसमें ग्रेटर कैलाश में रहने वाले एक बुजुर्ग डॉक्टर दंपती को आरोपियों द्वारा कथित तौर पर डिजिटल अरेस्ट में रखा गया और उन्हें बड़ी रकम हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि पिछले साल 29 दिसंबर को 14.85 करोड़ रुपये में से करीब 4 करोड़ रुपये एक ऐसे बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए, जो दिव्यांग पटेल द्वारा संचालित एनजीओ के नाम पर रजिस्टर्ड था। पुलिस ने बताया कि बाद में उन्होंने पकड़े जाने से बचने के लिए रकम को कई बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया। जांच में पता चला कि यह एनजीओ फर्जी था और इसका कोई धर्मार्थ कार्य नहीं था। पुलिस के अनुसार, दिव्यांग पटेल ने कमीशन के बदले में जालसाजों को एनजीओ के बैंक खाते का उपयोग करने की अनुमति दी थी। अन्य आरोपी कृतिक शितोले ने मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए दिव्यांग पटेल और नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बीच संपर्क स्थापित करने में मदद की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि अपराध से प्राप्त राशि कई राज्यों में बैंक खातों के माध्यम से ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने और शेष राशि का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## 50 प्रतिशत से अधिक पैदल यात्रियों की मौत कैसे हुई? दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को पता ही नहीं

### सड़क हादसों में जान गंवाने वाले आधे से ज्यादा पैदल लोगों का कोई रिकॉर्ड नहीं है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पैदल चलने वाले लोगों की मौत का कोई डेटा ही नहीं है। ये हम नहीं बल्कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ताजा आंकड़े कह रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले आधे से ज्यादा पैदल लोगों का कोई रिकॉर्ड नहीं है यानी यह पता नहीं चल सका है कि किन वजहों से उनकी मौत हुई।

2025 के आंकड़े कहते हैं कि दिल्ली में 2025 में कुल 649 पैदल यात्रियों की मौत हुई है। इनमें से 330 मामलों (50.8 प्रतिशत) में दुर्घटना की वजह का पता नहीं चला। 92 मौतें निजी कारों और 75 मौतें दोपहिया वाहनों की वजह से हुईं। 43 हादसों में भारी वाहन या माल ढोने वाली गाड़ियां शामिल थीं, 25 लोगों की जान टेम्पो (छोटे मालवाहक वाहन) से गई। 16 मौतें ई-रिक्शा और 15 बसों के कारण हुईं। बाकी 33 मौतें ऑटो और अन्य वाहनों की वजह से हुईं।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल शहर में सड़क हादसों में हुई कुल 1,617 मौतों में से 40 प्रतिशत हिस्सा पैदल यात्रियों का था। साल 2025 में कुल 1,578 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। अगर इसकी तुलना 2024 से करें, तो उस समय 1,504 हादसों में 1,551 लोगों की जान गई थी। इसका मतलब है कि 2024 के मुकाबले 2025 में मौतों की संख्या में 4.26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि जेबरा क्रॉसिंग, फुट ओवरब्रिज और सबवे (रास्ता) होने के बावजूद, ज्यादातर लोग इनका इस्तेमाल नहीं करते हैं। वे ऐसी जगहों से सड़क पार करते हैं जहां से उन्हें नहीं चलना चाहिए। ऐसा करके वे न केवल अपनी जान जोखिम में डालते हैं, बल्कि सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने आगे बताया, पैदल यात्रियों की ज्यादातर मौतें रात के समय और नेशनल हाईवे, रिंग रोड और आउटर रिंग रोड जैसे तेज रफ्तार वाले रास्तों पर होती हैं। हम नियमित रूप से सड़क सुरक्षा अभियान चलाते हैं ताकि पैदल यात्रियों की सुरक्षा के महत्व को समझाया जा सके और इस बात पर जोर दिया जा सके कि सड़कें सभी के लिए सुरक्षित होनी चाहिए, खासकर पैदल चलने वालों के लिए। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार और अन्य संबंधित पक्षों द्वारा उठाए गए कुछ कदमों से शहर में सड़क हादसों के दौरान होने वाली पैदल यात्रियों की मौतों को रोका जा सकता है। अर्बन मोबिलिटी एक्सपर्ट और राहगीरी फाउंडेशन की को-फाउंडर सारिका पांडा भट्ट ने कहा- दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में पर्याप्त फंड और जगह उपलब्ध है। लेकिन प्लानिंग के मामले में पैदल चलने वालों को सबसे नीचे रखा जाता है। कारों के लिए सड़कें चौड़ी की जाती हैं, तेज रफ्तार के लिए फ्लाईओवर बनाए जाते हैं, लेकिन पैदल चलने वालों और साइकिल सवारों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जबकि सड़क पर उनकी संख्या सबसे ज्यादा होती है। हरियाली और बैठने की जगह के साथ एक अच्छी तरह से डिजाइन किया गया फुटपाथ न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि पैदल चलने को बढ़ावा देता है और प्रदूषण भी कम करता है।



## तीन मेट्रो स्टेशन बनेंगे ट्रिपल-इंटरचेंज हब

### समय की बचत के साथ इस एक झंझट से भी मुक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली मेट्रो में सफर करने वालों के लिए आने वाले दिनों में सफर और आरामदायक होने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि अब दिल्ली में एक नहीं बल्कि तीन और नए ट्रिपल-इंटरचेंज स्टेशन होंगे। दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत आजादपुर, नई दिल्ली और लाजपत नगर जल्द नए ट्रिपल-इंटरचेंज स्टेशन होंगे। इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर के मुताबिक दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) अधिकारियों ने बताया है कि जल्द ही आजादपुर, नई दिल्ली और लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन भी ट्रिपल-इंटरचेंज हब के रूप में काम करेंगे।

बीते दो दशक से दिल्ली मेट्रो में सफर करने वालों को सिर्फ कश्मीरी गेट मेट्रो में ही ट्रिपल-इंटरचेंज स्टेशन (जहां तीन मेट्रो लाइन एकसाथ मिलती हैं) की सुविधा मिलती है जो कि रेड, येलो और वायलेट लाइनों को आपस में जोड़ते हैं। ये स्टेशन उत्तर और उत्तर-पश्चिम के आवासीय क्षेत्रों को मध्य और दक्षिणी दिल्ली से जोड़ता है। तीन और नए ट्रिपल-इंटरचेंज स्टेशन के और बन जाने से समय की तो बचत होगी ही साथ ही बार-बार ट्रेन बदलने की झंझट से भी मुक्ति मिल जाएगी। फेज-4 के तहत, आजादपुर मेट्रो स्टेशन येलो लाइन, पिंक लाइन और मैजेंटा लाइन को जोड़ेगा,



जिससे बार-बार ट्रेन बदले बिना ही उत्तर-पश्चिम और दक्षिण दिल्ली के बीच सीधी यात्रा हो सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि यह स्टेशन 2026 के अंत तक ट्रिपल इंटरचेंज के रूप में शुरू हो जाएगा। डीएमआरसी अधिकारियों ने आगे बताया कि नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन येलो लाइन, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और ग्रीन लाइन को जोड़ेगा जिससे हवाई अड्डे, मध्य दिल्ली और शहर के पश्चिमी हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी पहले से कई बेहतर हो जाएगी। वहीं लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन वायलेट लाइन, पिंक लाइन और आगामी गोल्डन लाइन को जोड़ेगा, जिससे दक्षिण दिल्ली में पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण कनेक्टिविटी मजबूत होगी। वहीं फेज-5 (ए) में सेंट्रल सेक्रेटेरिएट ट्रिपल-इंटरचेंज स्टेशन बनाने की प्लानिंग है।

## जांच का देंगे आदेश; आतिशी के बयान के वीडियो पर दिल्ली एसेंबली स्पीकर का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि सिख गुरुओं पर आतिशी की कथित टिप्पणी वाले वीडियो की फॉरेंसिक रिपोर्ट आ गई है जिसमें वीडियो को असली बताया गया है। विजेंद्र गुप्ता ने ऐलान किया कि वीडियो से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है और इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया जाएगा। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि इसमें साफ नहीं है कि आतिशी ने आपत्तिजनक शब्द कहे थे या नहीं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पंजाब में समानांतर जांच और राज्य एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में उठ रहे गंभीर सवाल को देखते हुए वह मामले की जांच सीबीआई से जांच कराने का आदेश देंगे ताकि सच्चाई को स्थापित किया जा सके और जवाबदेही तय की जा सके। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि आतिशी की कथित टिप्पणी से जुड़ी वीडियो क्लिप मूल है। इससे कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की मांग पर 8 जनवरी को क्लिप फॉरेंसिक जांच के लिए भेजी गई थी। पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने जल्दबाजी में अपनी फॉरेंसिक जांच कराई और उसी के आधार पर मामले में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी। आतिशी को माफी मांगनी चाहिए अन्यथा विधानसभा इस मामले को गंभीरता से लेगी। विधानसभा ने पंजाब के मुख्यमंत्री को आगाह किया है कि वह विधानसभा के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचें।

## सिंहस्थ 2028 के लिए कैलोदहाला रेलवे ओव्हर ब्रिज नींव का पत्थर साबित होगा : मंत्री श्री सिलावट

**इंदौर।जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कैलोदहाला में 32 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले कैलोदहाला-लसुडियामोरी रेलवे ओव्हर ब्रिज कार्य का शुभारंभ किया।**

इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वर्ष 2019 में सांवेरवासियों से मिले आशीर्वाद के बाद से जनवरी 2019 से आज वर्ष 2026 तक इन 7 वर्षों में सांवेर विधानसभा में लगभग 974 करोड रूपये लागत की 906 किलोमीटर की 185 सडकों की स्वीकृति करायी गई है। इसमें लगभग 32 करोड रूपये की लागत से बनने वाला लसुडियामोरी-कैलोदहाला रेलवे ओव्हर ब्रिज भी शामिल है। इस महान उपलब्धि के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी और लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी को धन्यवाद देता हूँ। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि इस ब्रिज के निर्माण होने पर आसपास की 40 कालोनियों और 10 गांवों के एक लाख लोगों को लाभ होगा। यह ब्रिज 800 मीटर लम्बा और 15 मीटर चौडा होगा, इसका निर्माण एक वर्ष के भीतर किया जायेगा, ताकि इसका लाभ आगामी सिंहस्थ 2028 में क्षेत्रीय लोगों को मिल सके।

# युवा व्यापारी एसोसिएशन का स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न लगभग 300 लोगो ने लाभ लिया

**सलीम हुसैन**

युवा व्यापारी एसोसिएशन झाबुआ और मेदांता हेल्थकेयर के बीच झाबुआ के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य उपचार को ध्यान में रखते हुए हुआ एमओयू साइन शहर में युवा व्यापारी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ झाबुआ के एसडीएम भास्कर जी गाचले ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। झाबुआ के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य उपचार को ध्यान में रखते हुए युवा व्यापारी एसोसिएशन झाबुआ एवं मेदांता हेल्थकेयर के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया है। इस समझौते के अंतर्गत झाबुआ से मेदांता हॉस्पिटल में उपचार कराने जाने वाले सभी मरीजों को पूरे बिल पर 15% की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। इस




सुविधा का लाभ उठाने के लिए मरीज को केवल युवा व्यापारी एसोसिएशन झाबुआ के लेटरपैड पर बना हुआ संदर्भ पत्र (लेटर) मेदांता हॉस्पिटल में प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद मरीज को सीधे बिल में 15% की छूट का लाभ दिया जाएगा।

युवा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य झाबुआ के लोगों को बड़े और विश्वसनीय अस्पताल में सस्ता व बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है। यह समझौता झाबुआ के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी राहत साबित होगा। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, हृदय जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। युवा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन द्वारा सभी डॉक्टरों, स्वयंसेवकों एवं सहयोग करने वाले संगठनों का आभार व्यक्त किया गया। नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया।

# युवा व्यापारी एसोसिएशन का स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न लगभग 300 लोगो ने लाभ लिया



**सलीम हुसैन**

युवा व्यापारी एसोशिएशन झाबुआ और मेदांता हेल्थकेयर के बीच झाबुआ के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य उपचार को ध्यान में रखते हुए हुआ एमओयू साइन शहर में युवा व्यापारी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ झाबुआ के एसडीएम भास्कर जी गाचले ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। झाबुआ के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य उपचार को ध्यान में रखते हुए युवा व्यापारी एसोशिएशन झाबुआ एवं मेदांता हेल्थकेयर के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया है। इस समझौते के अंतर्गत झाबुआ से मेदांता हॉस्पिटल में उपचार कराने जाने वाले सभी मरीजों को पूरे बिल पर 15% की विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए मरीज को केवल युवा व्यापारी एसोसिएशन झाबुआ के लेटरपैड पर बना हुआ संदर्भ पत्र (लेटर) मेदांता हॉस्पिटल में प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद मरीज को सीधे बिल में 15% की छूट का लाभ दिया जाएगा। युवा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य झाबुआ के लोगों को बड़े और विश्वसनीय अस्पताल में सस्ता व बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है। यह समझौता झाबुआ के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी राहत साबित होगा। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, हृदय जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। युवा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन द्वारा सभी डॉक्टरों, स्वयंसेवकों एवं सहयोग करने वाले संगठनों का आभार व्यक्त किया गया। नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया।

# धनपुरी नगर परिषद बनेगी प्रदेश की पहली डीकार्बोनाइजेशन सिटी




**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान केंद्र दिल्ली में डिकार्बनाइजेशन भारतीय शहर संवाद एवं विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में नगर विकेंद्रीकरण पहल के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर शहडोल जिले के मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी सुश्री पूजा बुनकर को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के भारतीय देश प्रमुख एवं सलाहकार हितेश वैद्य ने धनपुरी नगर परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धनपुरी जैसी छोटा शहर स्थानीय निकाय भी देश और विश्व के लिए प्रेरणा बन रहा हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर ने बताया कि नगर परिषद धनपुरी ने शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने का संकल्प लिया है। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग धनपुरी के विकास में किया जाएगा एवं नगरपरिषद धनपुरी को प्रदेश की पहली डीकार्बोनाइजेशन सिटी बनाई जाएगी।

# मल्हारगंज पुलिस की त्वरित कार्यवाही, 8 घंटे में 8 वर्षीय बालिका सकुशल दस्तयाब

**राजेश धाकड़**

इंदौर।थाना मल्हारगंज पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहरण की सूचना पर मात्र 8 घंटे के भीतर 8 वर्षीय बालिका को सकुशल ढूंढ निकाला। थाना मल्हारगंज में अपराध क्रमांक 16/2026, धारा 137(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत अपहरण का मामला दर्ज होने के तुरंत बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच प्रारंभ की। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित टीम ने तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया। आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बालिका को सुरक्षित रूप से दस्तयाब कर लिया गया।



प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने के मात्र 08 घंटे के भीतर बालिका की सकुशल बरामदगी पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्वाई का परिणाम रही। दस्तयाबी के उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सफल कार्वाई में उपनिरीक्षक गुंजन पटेल, प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश, प्रधान आरक्षक पूर्णिमा, प्रधान आरक्षक स्वर्णजीत, आरक्षक राहुल, आरक्षक प्रेम सिंह, आरक्षक रमेश, आरक्षक मॉन्टी एवं आरक्षक लोकेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बालिका पूर्णतः सुरक्षित एवं स्वस्थ है। परिजनों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है। पुलिस आमजन की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

# नितिन चंदेल के अखिल भारतीय बलाई महासंघ नगर महामंत्री बनने के पीछे का रहस्य

**खुशबू श्रीवास्तव**

अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार लगातार समाज सेवा करते आ रहे है लव जिहाद के खिलाफ हिंदू बहन बेटियों को जागृत करते रहते है अनेक जाती में बटे हिन्दू छूआछूत को भूलकर सभी हिन्दू एक साथ खड़े हो उसके लिए प्रयास करते रहते है और युवाओं को जागृत कर समाज सेवा करने का मौका दे रहे है मनोज परमार की हर छोटे से छोटे और बड़े से बड़े



कार्यकर्ता पर नजर रहती है लगातार समाज सेवा करने वाले नितिन चंदेल को इस बार मौका उन्होंने दिया क्योंकि नितिन चंदेल सागर जिले के चिड़ार समाज की बच्ची के साथ हुए अत्याचार पर खुलकर मीडिया के सामने आए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ऐसा मीडिया के सामने बयान दिया ओर सागर पुलिस ओर प्रशासन को चेतावनी दी की जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को साथ लेकर उग्र आंदोलन करेंगे इस चेतावनी को देखते हुए तत्काल पुलिस ने कार्यवाही की , ओर दोषि को सजा मिली कई हिन्दू संगठनों से फोन कॉल के माध्यम से सागर जिले के लव जिहाद के खिलाफ नितिन चंदेल इन्दौर से ही नजर रखते है और दोषियों को सजा मिले ऐसा प्रयास करते रहते है हाल ही के एक ओर चिड़ार समाज के लव जिहाद मामले में एक्टिव रहे क्योंकि आरोपी फईम खान ने चिड़ार समाज के एक परिवार का घर जला दिया था जिसमें 2 बच्चों की आगजनी में मौत हो गई और 1 बच्ची आधी जल गई और घर पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गया बजरंगदल के कर्मठ कार्यकर्ता लाल सिंह चडार , सोनू सेन , शतीश वरदेले और टिंकू चिड़ार से लगातार संपर्क में रहकर जिहादी फईम खान को कड़ी से कड़ी सजा मिले ऐसा प्रयास हिन्दू संगठनों के साथ मिलकर करते रहते है साथ ही में मनोज परमार के आदेश पर अरविंदो हॉस्पिटल के द्वारा बंधक बनाए गए शव को भी नि शुल्क छुड़वा लाए और खंडवा जिले के हरसूद में भी लव जिहाद की पीड़ित बच्ची की शव यात्रा में मनोज परमार के साथ आन्दोलन में नितिन चंदेल साथ थे एवं राम जी का पुतला तमिलनाडु में जलाया गया था जिसका विरोध प्रदर्शन करते हुए मनोज परमार के द्वारा हिन्दू विरोधी बयान एम के स्टालिन देता रहता है जो हिन्दुओं को डेंगू भी कह चुका है ऐसे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का पुतला जलाया गया उस आंदोलन में नितिन चंदेल एम के स्टालिन की अर्थी लेकर निकले और जय भीम के साथ जय श्री राम का नारा लगाते हुए मनोज परमार की नजर में आए इसे देखते हुए मनोज परमार ने नितिन चंदेल को अखिल भारतीय बलाई महासंघ इंदौर शहर का नगर महामंत्री बनाना सुनिश्चित किया और नितिन चंदेल पर विश्वास जताते हुए बाबा साहब अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलने को कहा और दलित शोषित और वंचित लोगों की मदद करने को कहा साथ में नितिन चंदेल को सलाह दी कि हिन्दुत्व के लिए काम करो हिन्दुओं के हितों की रक्षा करो अभी तेरी छोटी उमर है चांस है तेरे राजनीति में अपना भविष्य बनाने की , स्वयं सेवा करते हुए लोगों को अपने साथ जोड़ो और समाज की सेवा करते रहो एक दिन जरूर कामयाब होगे ऐसे शब्द नितिन चंदेल के लिए मनोज परमार ने कहे जिससे पूरे चिड़ार समाज में नितिन चंदेल की वाह वाही होने लगी अखिल भारतीय बलाई महासंघ के लोगो ने ओर चिड़ार समाज के लोगो ने इस नई उपलब्धि के लिए नितिन चंदेल को शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

# ग्राम तुकईथड़ में सम्पन्न हुआ हिन्दू सम्मेलन, सम्मेलन में हुए लगभग 3 हज़ार लोग

**संघ शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया महा हिन्दू सम्मेलन**




**महेन्द्र मालवीय**

बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील के ग्राम तुकईथड़ में 18 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन में हजारों लोग शामिल हुए सम्मेलन से पहले कलश यात्रा निकली गई आपको बता दे कि हिन्दू सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ RSS की स्थापना सन् 1925 में हुई थी और सन 2025 में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत वर्ष में जगह जगहों पर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर अतिथियों को साल ओर श्रीफल देकर किया गया कार्यक्रम में ग्राम तुकईथड़ के ही निवासी अंकित चौहान जी की 5 वर्ष की कृष्णवी चौहान जो महारानी झांसी की रानी की वेश भूषा में एक हाथ में तलवार ओर दूसरे हाथ में ढाल रख कर आकर्षण का केन्द्र बनी,सम्मेलन में गोलोक धाम सहजयोग धाम से कुछ बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों ने बल खम्भ का खेल दिखाया बच्चों ने बल खम्भ के रूप मे कई अलग अलग कलाएं दिखाई , ग्राम झिरमिटी से आए ग्रामीणों ने आदिवासी गडली नृत्य किया फिर भारत माता की आरती कर कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम में 12 गावों के लोग मातृशक्ति के साथ शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन राम कुमार तोमर जी ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बुरहानपुर जिले के सुप्रसिद्ध सन्त श्री दादू दयाल महाराज थे और मुख्य वक्ता श्री गजानंद जी दुबे संघ के जिला अधिकारी रहे ,कार्यक्रम में सकल हिन्दू समाज ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का हुआ आयोजन

गोलू यादव

अशोकनगर। जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय पठार अशोकनगर पर आयोजित किया गया यह परीक्षा 16 एवं 17 जनवरी को दो दिवस आयोजित हुई जिसमें 641 बच्चों में से 590 बच्चों द्वारा सहभागिता की गई एवं विकासखंड के सभी जन शिक्षा केंद्र से चयनित बच्चे सम्मिलित हुए परीक्षा का निरीक्षण डीपीसी श्री राहुल शर्मा एवं एपीसी महेंद्र जैन द्वारा किया गया एवं बच्चों से परीक्षा के संबंध में चर्चा की गई सभी बच्चों एवं पालकों को परिवहन और खाना की व्यवस्था जनपद शिक्षा केंद्र अशोकनगर द्वारा की गई सभी बच्चे परीक्षा देने में उत्सुक दिखे एवं सभी बच्चों ने कहा की ऐसी प्रतियोगिता से हमको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होते हैं सभी बच्चों को राज्य शिक्षा केंद्र से प्राप्त प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए परीक्षा केंद्र पर प्रभारी श्री मती सीमा जैन ,संदीप चौबे,रामकृष्ण यादव सीएसी,जगमोहन यादव बीएसी, धर्मेंद्र झा ,चंपालाल चंदेल ,कृष्णपाल सिंह रघुवंशी सहित सभी पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



# गौशाला में नहीं थी पानी की व्यवस्था, गौसेवकों ने SDM से की शिकायत

गोलू यादव




अशोकनगर। जिले की ग्राम लाखाखेड़ी की एक गौशाला में पानी की समुचित व्यवसथा न होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गौशाला में रह रही गायों को पीने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था, जिससे पशुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति से आक्रोशित गौसेवक गोलू यादव पत्रकार ने उपजिलाधिकारी (SDM) को शिकायत बताते हुए जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की। गौसेवकों का कहना है कि गौशाला प्रबंधन की लापरवाही के कारण गौवंश को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है, जो बेहद निंदनीय है। शिकायत मिलने के बाद SDM सुभद्रा त्रिपाठी जी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही मौके पर निरीक्षण कर पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। साथ ही एसडीएम मैडम सुभद्रा त्रिपाठी जी का सभी गोसेवकों ने आभार व्यक्त किया और प्रशासन को गौसेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# अच्छे काम पर सम्मानित करूंगा तो काम न करने पर दंडित भी करूंगा-कलेक्टर चौधरी

## कलेक्टर ने ली पंचायत, महिला बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

जगदीश पाल




पिछोर (शिवपुरी) जनपद पंचायत पिछोर के प्रांगण में शनिवार कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता मे ग्राम स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें कलेक्टर के अलावा जिला पंचायत सीईओ विजयराज, एसडीएम ममता शाक्य अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ एन.एस.नरवरिया,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषिश्वर, डी एस जादौन जिला परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास शिवपुरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे समीक्षा बैठक में कलेक्टर चौधरी ने विभाग वार समीक्षा करते हुये कहा कि प्रसुताओं की होम डिलीवरी नहीं होनी चाहिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता प्रसुताओं को पीएससी,सीएससी सेंटर पर डिलीवरी हेतु आवश्यक रूप से ले जाएं कलेक्टर ने कहा कि बेहतर काम के लिए अधिकारी कर्मचारी आपस में कम्युनिकेशन बनाए रखें एक दूसरे से काम के प्रति चर्चा करते रहे और संपर्क में रहे यदि होम डिलीवरी आदि लापरवाही के दौरान यदि किसी बच्चे की मौत होती है तो आप लोग पाप के भागीदारी होंगे महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की जानकारी जीरो बैलेंस में होनी चाहिए कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत जॉब कार्डो की समीक्षा के दौरान पाया कि ग्राम पंचायत महोबा डमरौन, दरगवां, गुरूखुदवाया में 70% से कम काम होने पर सचिव एवं रोजगार सहायकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए वही 100% काम करने वाली दो पंचायत चंदाबनी और नावली को इसी तर्ज पर काम करने के लिए कहा एक बगिया मां के नाम योजना पर सचिव तथा सहायक सचिवों पंचायत बार समीक्षा की और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश दिए इस क्रम में पडोरा और भडोरा पंचायत के सचिवों को संतोष जनक जानकारी न देने पर फटकार लगाई कलेक्टर बोले पिछोर आकांक्षी ब्लॉक है इसलिए 70 प्लस के सभी आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जाएं प्रसूति सहायता तथा जननी सहायता योजना के अंतर्गत लगभग 544 ऐसी गर्भवती महिलाएं हैं जिनका अनमोल पोर्टल पर पंजीयन न होने के कारण उनको लाभ नहीं मिल रहा है कलेक्टर ने कहा इस विषय पर महिला बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग मिलकर कार्य करें और अच्छे परिणाम दें इस क्रम में महिला बाल विकास सुपरवाइजर मुस्कान के लगातार अनुपस्थित तथा उक्त बैठक में अनुपस्थित होने पर निलंबन करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए इसके साथ-साथ बडेरा पंचायत के सचिव राधे लाल लोधी को संबल योजना के तहत हितग्राही को लाभ न देने के लिए निलंबन प्रस्ताव बनाने के लिए कहा वहीं पंचायत विभाग के कार्यों को लेकर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में समस्याओं के निराकरण पर तारीफ की और मनरेगा के पुराने कामों के लिए पूर्णतः करने के लिए सब इंजीनियरों को निर्देशित किया वहीं सचिवों को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी निर्देशित किया कलेक्टर चौधरी ने कहा कि जो पंचायत सचिव अच्छा काम करेंगे उन्हें सम्मानित भी करूंगा और ठीक काम न करने पर कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटूंगा वहीं खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए पात्रता पर्ची के शिकायतों के संबंध में पंचायत सचिवों से जानकारी ली जिन व्यक्तियों के पात्रता पर्ची में नाम नहीं जुड़े हैं शीघ्र जोड़े जाएं बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजय राज ने भी ग्राम पंचायत को लेकर विस्तृत समीक्षा की।

## इंडेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क आरोग्य अभियान

**इंदौर। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में इंडेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, इंदौर द्वारा "इंडेक्स निःशुल्क आरोग्य अभियान" का आयोजन किया जा रहा है।**

यह विशेष स्वास्थ्य अभियान 20 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को समय रहते स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराकर गंभीर बीमारियों की पहचान और उपचार को आसान बनाना है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर के दौरान अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुपर स्पेशलिटी ओपीडी परामर्श पूरी तरह निःशुल्क दिया जाएगा, जिससे महंगे इलाज का बोझ कम हो सके। इस निःशुल्क आरोग्य अभियान में बच्चों की चिकित्सा सेवाएं, महिलाओं के लिए कैंसर जांच, सामान्य रोगों का उपचार, शुगर जांच, रक्त और पेशाब की जांच, ईसीजी, एक्स-रे, सोनोग्राफी परामर्श और आंखों की जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही न्यूरोलॉजिस्ट, आर्थोपेडिक सर्जन और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों से भी परामर्श मिलेगा। इसके अलावा सीटी और एमआरआई जांच पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा पंजीकृत मरीजों को सात दिन की दवाइयां निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

## यातायात अनुशासन में निहित है सच्ची देशभक्ति

# अभ्यास मंडल का जागरूकता अभियान इंदौर ट्रैफिक वार्डन, पुलिस विभाग के सहयोग से संपन्न

इंदौर। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शहर में यातायात अनुशासन को केवल नियमों तक सीमित न रखते हुए उसे देशभक्ति से जोड़ने का एक प्रभावी और प्रेरक संदेश शनिवार, 17 जनवरी 2026 को अभ्यास मंडल इंदौर द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया। यह जागरूकता अभियान गांधी प्रतिमा पर हुवा.शुभचिंतकों, अभ्यास मंडल सदस्यों, ट्रैफिक वार्डन एवं यातायात पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने नागरिकों को यह समझाने का प्रयास किया कि सड़क पर अनुशासन भी राष्ट्रसेवा का ही एक रूप है।

अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, रेड सिग्नल का पालन करने, जेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग तथा पैदल यात्रियों के अधिकारों जैसे विषयों पर आमजन को जागरूक किया। हाथों में तख्तियाँ और बैनर लिए स्वयंसेवकों ने सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से लोगों को रोका नहीं, बल्कि समझाया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि यातायात सुधार को देशभक्ति के भाव से जोड़ते हुए यह संदेश दिया गया कि जैसे सीमा पर सैनिक देश की रक्षा करते हैं, वैसे ही नागरिक सड़क पर नियमों का पालन कर



देश की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक अनुशासन को मजबूत करते हैं। "यातायात सुधार भी देशभक्ति है" जैसे नारे लोगों के मन में गहराई से उतरते दिखाई दिए। अभियान के पश्चात सेवा सुरभि द्वारा तैयार की गई इंडिया गेट एवं अमर ज्योति की प्रतीकात्मक प्रतिकृति पर आदरांजलि अर्पित की गई। यह क्षण कार्यक्रम को केवल जागरूकता अभियान न रखकर एक राष्ट्रबोध से जुड़े आयोजन में परिवर्तित करता प्रतीत हुआ। उपस्थित नागरिकों ने इसे एक भावनात्मक और प्रेरक अनुभव बताया। वही कार्यक्रम में सुमंत सिंह कच्छावा ने यातायात नियमों का महत्व ट्रैफिक प्रहरी की भूमिका पर प्रकाश डाला

अभ्यास मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि आज देश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु भी एक गंभीर राष्ट्रीय समस्या है। यदि हर नागरिक यातायात नियमों का पालन करे, तो न केवल जीवन बचेगा बल्कि देश की मानव-संपदा भी सुरक्षित रहेगी। यही सच्ची देशभक्ति है — कानून का सम्मान, व्यवस्था का पालन और दूसरों के जीवन की रक्षा। वही कार्यक्रम में मास्टर छोटे यातयात प्रहरी आदित्य तिवारी ने ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए अपने अनूठे अंदाज में जनता से आग्रह किया गया इस अवसर पर पुलिस विभाग के सहयोग के लिए सुमंतसिंह कुछवाह का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया डॉ शंकर गर्ग, अरुण घोलप श्यामसुंदर बिहानी, राधा कृष्णा जाखेटिया,सुरेंद्र सिंह, श्रवण बडगूजर , वैशाली खरे, ग्रीष्म त्रिवेदी, अंजेशसिंह तोमर ने यातायात सुधार जागरूकता में सहयोग किया कार्यक्रम संचालन मुरली खंडेलवाल, स्वप्निल व्यास ने किया।

## इंदौर में स्लीपर बसों पर आरटीओ का बड़ा एक्शन, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

इंदौर। यात्रियों की जान की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने स्लीपर बसों पर कड़ा शिकंजा कस दिया है। देश के विभिन्न हिस्सों में हाल के महीनों में स्लीपर बसों में आग लगने और गंभीर हादसों की घटनाओं के बाद अब इंदौर में आरटीओ ने सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। बस संचालकों को साफ कह दिया गया है कि यात्रियों का सफर सुरक्षित हो और सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता न होने दिया जाये। दो दिनों में आधा दर्जन से अधिक बसों पर कार्रवाई की गई है। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश के तहत बस बॉडी कोड AIS-119 एवं AIS-052 के अनुसार स्लीपर बसों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में टीम के एआरटीओ राजेश गुप्ता द्वारा बीते दिनों इंदौर जिले के सभी स्लीपर बस संचालकों और स्वामियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें नियमों की जानकारी देकर पालन के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बस संचालकों से लिया लिखित में बस संचालकों से लिखित में आश्वासन लिया गया कि वे एक माह के अपनी बसों में एफडीएसएस लगवा कर सभी कमियां दूर करेंगे। दो दिन शहरभर में चला जांच अभियान एआरटीओ मिश्रा ने बताया कि हमारी टीम ने तीन इमली रोड, तीन इमली बस स्टैंड, राजीव गांधी चौराहा और चोइथराम रोड सहित विभिन्न स्थानों पर बस यार्ड में जांच की। निरीक्षण के दौरान कई बसों में अवैध पार्टीशन दरवाजे हटवाए गए, कुछ में FDSS सिस्टम नहीं मिला और कई वाहनों में आपातकालीन उपकरणों की कमी पाई गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एक स्लीपर बस की फिटनेस तत्काल निरस्त कर दिया गया है। साथ ही निजी एटीएस सेंटरों को भी निर्देश दिए गए हैं कि मानकों पर खरी न उतरने वाली बसों की फिटनेस न करें।

### इंदौर में है 489 स्लीपर बसे

आरटीओ के अनुसार इंदौर में कुल 489 स्लीपर बसें पंजीकृत हैं, जिनमें से 70 से अधिक फिलहाल ऑफ-रोड हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। स्लीपर बसों के लिए अनिवार्य किए गए सुरक्षा नियम बैठक में बताया गया कि स्लीपर बसों में ड्राइवर केबिन और यात्री केबिन के बीच पार्टीशन दरवाजा नहीं होना चाहिए, स्लीपर बर्थ के साथ स्लाइडर या स्टोरेज पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा,बसों में FDSS (फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम) अनिवार्य, सभी बसों में कम से कम 10 किलो का अग्निशमन यंत्र (ग्रीन जोन) होना चाहिए, बस की लंबाई के अनुसार 4 से 5 आपातकालीन द्वार अनिवार्य होना चाहिए, VLTD, पैनिक बटन और स्पीड गवर्नर चालू हालत में होना जरूरी है,ज्वलनशील पदार्थों का परिवहन प्रतिबंधित है, फर्स्ट-एड बॉक्स अनिवार्य है तथा चालक द्वारा नशे में वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध है।

## महू में युवक को मारी..

# गोली वेटरनरी कॉलेज के सामने फायरिंग कर आरोपी फरार, घायल इंदौर रेफर



जितेन्द्र वर्मा

महू। महू-इंदौर रोड स्थित वेटरनरी कॉलेज के सामने आज शनिवार लगभग 1 बजे के एक युवक को गोली मार दी गई। घटना में युवक के चेहरे और कंधे पर चोटें आई हैं। उसे तत्काल पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी बंटी ने बताया कि 7-8 युवक एक गुमटी पर बैठकर बात कर रहे थे। अचानक तीन गोलियां चलने की आवाज आई। पास जाकर देखा तो एक युवक जमीन पर गिरा हुआ था, जबकि अन्य युवक मौके से भाग रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल सील किया। घटना की सूचना मिलते ही किशनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया और जांच के दौरान उन्हें गोली के खाली खोल भी मिले हैं।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल किया सील

घटना की सूचना मिलते ही किशनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया और जांच के दौरान उन्हें गोली के खाली खोल भी मिले हैं। मौके पर पहुंचे एसडीओपी ललित सिकरवार ने बताया कि कुछ युवकों के बीच विवाद हो रहा था, जिसके चलते गोली चली। घायल युवक की पहचान महू निवासी ओमप्रकाश अंजना के रूप में हुई है। गोली चलाने के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिंगनोद में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन, अन्नपूर्णा कलश यात्रा के साथ विशाल धर्मसभा एवं सामाजिक समरसता भोज का हुआ आयोजन, हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण की

**दिलीप पाटीदार**

रिंगनोद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत रिंगनोद खंड के 8 ग्रामों एवं सात मोहल्लों का हिंदू सम्मेलन 18 जनवरी रविवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत। श्री योगमाया मंदिर से अपार हिंदू जनसमूह द्वारा अन्नपूर्णा कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसमें महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण किया हुआ था।

महिला पुरुषों ने ड्रेस कोड परिधान धारण कर रखे थे बैंड बाजे ढोल ,मॉदल कि थाप नृत्य करते हुए धर्मावलंबी शोभायात्रा में चल रहे थे । विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके पश्चात विशाल हिंदू धर्मसभा का आयोजन हुआ, जिसमें धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक एकता पर विचार व्यक्त किए गए। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना तथा आपसी भाईचारे और समरसता का संदेश देना था। मंच पर मंचाचीन मुख्य वक्ता विक्रम जी रघुवंशी, रागिनी यादव, संत रामप्रकाश जी महाराज, नंदराम लक्षेटा, रोहित हामड़, चिराग भंसाली, श्रीमती बसंती रामचंद्र यादव के स्वागत के पश्चात उद्बोधन हुआ । भारत माता की आरती के पश्चात सामाजिक समरसता सहभोज के आयोजन में रिंगनोद खंड के 8 ग्रामों एवं मोहल्लों से करीब 5000 से भी अधिक हिंदू समाज जनों ने सहभोज का लाभ लिया।






## पूर्व गृह मंत्री से मिले महू के चोरल पंचायत सरपंच अशोक सैनी विधानसभा महू में विभिन्न समस्याओं को लेकर की गई चर्चा, संगठन को मजबूत करने के लिए निर्देश

**जितेन्द्र वर्मा**



महू के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जो कि मनमोहन सिंह सरकार में राज्य मंत्री रह चुके मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी भी रह चुके हैं और राहुल गांधी की टीम के सदस्य जो रक्षा और खेल मंत्रालयों में भी काम कर चुके हैं.. भंवर जितेंद्र सिंह मध्य प्रदेश के पूर्व गृह राज्यमंत्री मंत्री से इंदौर जिले की विधानसभा महू तहसील के कद्दावर नेता व ग्राम पंचायत चोरल के सरपंच अशोक सैनी से मुलाकात हुई। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार के हाल-चाल पूछे। साथ ही मध्य प्रदेश सरकार में संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान विधानसभा महू तहसील के कद्दावर नेता व चोरल ग्राम पंचायत के सरपंच अशोक सैनी ने उन्हें पुष्प भेंट अर्पित किए। जहां चर्चा के दौरान उन्होंने विधानसभा महू तहसील के अलावा इंदौर क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस दौरान समस्याओं के निराकरण को लेकर आश्वासन दिया है। जिसे वे आम जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे।

### ब्याज का धंधा और लग्जरी गाड़ियां

## फिर भी घिसटकर मांगते हैं भीख; इंदौर की रेस्क्यू टीम भी रह गई दंग करोड़पति भिक्षुक

**सह संपादक दीपक वाड़ेकर**

इंदौर भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत फिर मिला एक ऐसा भिक्षुक जिसकी संपत्ति के बारे में सुनकर दंग रह जाएंगे... यह भिक्षुक हैं मांगीलाल . मांगीलाल बाढ़ गंगा कुशवाहा नगर के पास अलवास आश्रम में रहते थे उनकी विकलांगता के कारण शासन के द्वारा इन्हें रेड क्रॉस की मदद से 1 बीएचके मकान भी दिया गया था किंतु इसके बावजूद यह निरंतर भिक्षवर्ती कहीं काम कर रहे हैं. मांगीलाल को सराफा के लगभग सभी लोगों के द्वारा पहचाना जा सकता है सराफा में यह लकड़ी की फिसलने वाली गाड़ी पीठ पर बैग और हाथों में जूता के सहारे लकड़ी की गाड़ी में सराफा में देखने मिल जाएंगे. महिला बाल विकास की टीम ने जब इनको रेस्क्यू कर जानकारी ली तब पता चला कि उनके पास तीन-तीन पक्के मकान है एक मकान तो तीन मंजिल का है इनके पास तीन ऑटो है जो किराए पर ही चलवाते हैं इनके पास एक डिजायर फोर व्हीलर गाड़ी भी है इसके बावजूद यह लोगों की संवेदनशीलता का फायदा उठाते हुए घिसाड़ते हुए लोगों के पास जाते हैं जिससे व्यक्ति स्वयं से भिक्षा स्वरूप इन्हें पैसे दे. इनका कहना है कि मैं किसी से जोर जबरदस्ती कर भीख नहीं मांगता लोग स्वयं आकर मुझे दे जाते हैं इनका

एक तीन मंजिला पक्का मकान भगत सिंह नगर में 16 × 45 का है, शिवनगर में 600 स्क्वायर फीट में दूसरा पक्का मकान है एवं तीसरा मकान अलवास में 10 * 20 का 1 बीएचके मकान है मांगीलाल जी के द्वारा सराफा में कई लोगों को ब्याज पर भी पैसा दिया गया है इनका कहना है कि प्रतिदिन में ब्याज वसूली के लिए सराफा जाता हूं लोग मुझे भीख में भी प्रतिदिन 400 से 500 दे जाते हैं मांगीलाल के पास तीन ऑटो भी है जिनको उनके द्वारा किराए पर चलवाए जाते हैं



Mp09R0276
Mp09R8461
Mp09AN3552 है तथा उनके स्वयं के पास एक डिजायर भी है Mp09CU7438 है इसके बावजूद इस गाड़ी का इस्तेमाल स्वयं ना करके किराए पर चलते हैं रेस्क्यू दल के नोडल अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि सर्राफा से लगातार इनके खिलाफ शिकायतें प्राप्त हो रही थी इसलिए भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान के तहत रेस्क्यू टीम इन्हें रेस्क्यू किया है, आगे की कार्यवाही शासन निर्देशानुसार की जाएगी वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा जी का कहना है कि इस तरह की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई लगातार चलती रहेगी एवं जो भी भिक्षावृत्ति करेगा या बढ़ावा देगा उसके विरुद्ध में कार्यवाही की जाएगी।




शिवपुरी- थाना करैरा पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 315 बोर का देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के साथ आरोपी गौरव यौगी को किया गिरफ्तार।



शिवपुरी- एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा रात्रि के समय थाना बामौरकला पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया एवं रात्रि गस्त मे लगे बल को चैक किया एवं थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों को चैक करते हुये की जा रही कार्यवाहीयों के संबंध मे निर्देश दिये।



# द ग्रेट... में फिजिक्स की मदद से केस क्रैक करेंगे नवाज

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म द ग्रेट एस्केप : फरार अपने अनोखे कॉन्सेप्ट, ग्लोबल टीम और तकनीकी तैयारी के कारण चर्चा में है। कुशाग्र शर्मा निर्देशित यह एस्केप-थ्रिलर ताकत से ज्यादा दिमाग, विज्ञान और रणनीति पर आधारित है। फिल्म एक आम-से दिखने वाले फिजिक्स प्रोफेसर की कहानी है, जो अपनी समझदारी और साइंटिफिक प्रिंसिपल्स से अंतरराष्ट्रीय संकट से निकलने की कोशिश करता है।

## मनी हाइस्ट के प्रोफेसर जैसे होगा नवाज का रोल

फिल्म में नवाजुद्दीन का किरदार निर्देशक ने मनी हाइस्ट के प्रोफेसर जैसी इंटेलिजेंट अप्रोच से जोड़ा है, हालांकि समानता सिर्फ रणनीति और प्लानिंग तक सीमित है। कहानी और ट्रीटमेंट पूरी तरह भारतीय संदर्भ में है। नवाजुद्दीन ने फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभाते हुए संवादों से आगे बढ़कर कई साइंटिफिक कॉन्सेप्ट्स समझे, सेट पर प्रयोग किए और किरदार को वास्तविक बनाने के लिए तकनीकी डिटेल्स पर खास मेहनत की। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसका ग्लोबल एसोसिएशन है। हॉलीवुड एक्टर इलिया वोलोक फिल्म में मुख्य खलनायक हैं, जो मिशन इम्पॉसिबल, इंडियाना जोन्स और जेमिनी मैन जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं।

# स्टॉर्म से निर्माता बनेंगे ऋतिक, कृष 4 पर भी तेजी से काम जारी



ऋतिक रोशन दो दशक से ज्यादा समय तक हिंदी सिनेमा में बतौर सुपरस्टार अपनी मजबूत बनाए हुए हैं। अब वह अपने करियर के अगले फेज की तैयारी में जुट गए हैं। 2026-27 के लिए तैयार उनका रोडमैप साफ संकेत देता है कि अभिनय के साथ-साथ अब उनका फोकस फिल्म निर्माण और कंटेंट आईपी पर भी है। अपनी प्रोडक्शन कंपनी के जरिए ऋतिक डिजिटल और फिल्म प्रोडक्शन स्पेस में भी निवेश कर रहे हैं, ताकि वह सिर्फ एक्टर नहीं, बल्कि कंटेंट ओनर के रूप में भी खुद को स्थापित कर सकें।

टब्बर फेम अजीतपाल ने डायरेक्ट की सीरीज

स्टॉर्म बतौर निर्माता ऋतिक का डेब्यू प्रोजेक्ट है। अक्टूबर 2025 में स्ट्रीमिंग कंटेंट की आधिकारिक घोषणा के बाद इस थ्रिलर सीरीज की शूटिंग नवंबर में मुंबई में शुरू हुई थी और इसे फरवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सीरीज को टब्बर फेम अजीतपाल सिंह ने क्रिएट और डायरेक्ट किया है। बताया जाता है कि ऋतिक और अजीतपाल ने इस कहानी को लगभग तीन साल तक डेवलप किया है। यह सीरीज प्राइम वीडियो और ।ऋ फिल्म्स के बीच हुई बड़ी प्लेटफॉर्म पार्टनरशिप का हिस्सा है। इसे ऋतिक के डिजिटल कदम की मजबूत शुरुआत माना जा रहा है।

एक्टिंग के लिए हाई-बजट प्रोजेक्ट चुन रहे ऋतिक

ऋतिक ने आने वाले दो वर्षों के लिए बेहद चुनिंदा हाई-बजट प्रोजेक्ट्स चुने हैं। वॉर 3 को लेकर भले ही अनाउंसमेंट नहीं हुई हो, लेकिन इसे 2027 की सबसे बड़ी फिल्मों में गिना जा रहा है। कृष 4 पर भी काम तेजी से जारी है।

ट्रेड के मुताबिक, ऋतिक का यह ट्रांजिशन पूरी तरह प्लांड है। बदलते दौर में जहां सुपरस्टार्स के लिए सिर्फ बॉक्स ऑफिस नहीं, बल्कि डिजिटल राइट्स और आईपी ओनरशिप भी अहम हो गई है, वहीं ऋतिक अपने करियर को बैलेंस पोर्टफोलियो की ओर ले जा रहे हैं। एक तरफ वॉर 3 और कृष 4 जैसी मास अपील फिल्में, तो दूसरी तरफ स्टॉर्म जैसे कंटेंट-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स। आने वाले समय में यही संतुलन तय करेगा कि ऋतिक बतौर निर्माता कितने प्रभावी होते हैं।

# कहीं आपका फेवरेट ब्रेकफास्ट आपको बीमार तो नहीं कर रहा? पढ़ें ज्यादा अंडे खाने के 4 बड़े नुकसान



अंडे को प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स का 'सुपरफूड' माना जाता है, जो ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक एक लोकप्रिय ऑप्शन है। लेकिन "अति सर्वत्र वर्जयेत" की कहावत यहां भी लागू होती है। यदि अंडे का सेवन सीमित मात्रा से अधिक किया जाए, तो यह शरीर के लिए फायदेमंद होने के बजाय हानिकारक साबित हो सकता है। एक नजर इसके प्रमुख नुकसानों पर डालते हैं।

## पाचन संबंधी दिक्कतें

अंडे की तासीर गर्म होती है और इसमें फाइबर नहीं होता। अधिक मात्रा में अंडा खाने से गैस, एसिडिटी, कब्ज और ब्लोटिंग (पेट फूलना) जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कुछ लोगों में यह 'इरिटेबल बाउल सिंड्रोम' (IBS) को बढ़ाकर दस्त का कारण भी बन सकता है।

## कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा

अंडे की जर्दी (योक) में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा काफी अधिक होती है। एक बड़े अंडे में लगभग 186 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। अधिक सेवन से शरीर में 'एलडीएल' (बुरा कोलेस्ट्रॉल) का स्तर बढ़ सकता है, जो भविष्य में हृदय रोगों का खतरा पैदा करता है।

## डायबिटीज का जोखिम

हैरानी की बात है कि जो अंडा ब्लड शुगर कंट्रोल रखने में मदद करता है, वही अधिक मात्रा में खाने पर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ा सकता है। 'डायबिटीज केयर' पत्रिका की एक स्टडी के अनुसार, हफ्ते में 7 या उससे ज्यादा अंडे खाने वाले पुरुषों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा 58% और महिलाओं में 77% तक बढ़ सकता है।

## एलर्जी का खतरा

अंडे से कई लोगों को एलर्जी होती है। इसके अधिक सेवन से शरीर पर चकत्ते, सूजन, एक्जिमा, नाक बंद होना, सांस लेने में दिक्कत या आंखों से पानी आने जैसे लक्षण दिख सकते हैं। गंभीर मामलों में यह 'एनाफिलेक्सिस' जैसी जानलेवा स्थिति भी पैदा कर सकता है।

### "ये कैसी स्मार्ट सिटी?" भागीरथपुरा पहुंचकर राहुल गांधी का सरकार से तीखा सवाल

**रंजीत टाइम्स**

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद आज सियासत नहीं, सवालों की गूंज सुनाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे और वहीं से सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया। राहुल गांधी ने पूछा कि ये कैसी स्मार्ट सिटी है, जहां लोगों को पीने का साफ पानी तक नसीब नहीं। उन्होंने कहा कि इलाके में डर और असुरक्षा का माहौल है और सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए। राहुल गांधी ने साफ कहा कि वो राजनीति करने नहीं, बल्कि अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने आए हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी को ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए। राहुल गांधी के इन सवालों ने प्रशासन और सरकार की कार्यप्रणाली पर सीधा हमला किया है।

# खोखसर से चाबा सड़क का हाल बेहाल



खोखसर से चाबा जाने वाली ग्रामीण सड़क पिछले 6-7 वर्षों से टूटी हुई है जिसका कोई ध्यान नहीं देता इस सड़क से नेता लोग भी निकलते रहते है पर कोई ध्यान नहीं देता यहां से भारी वाहनों का आना जाना रहता है क्योंकि बालेसर में पत्थर की खान है तो वहां से मकान बनाने के लिए पत्थर से भरे वाहन आते रहते है तो इनको चाबा से खोखसर आने में 10 मिनट की जगह 2 घंटा लगता है प्रशासन से विनती है कि जल्द से जल्द समाधान किया जावे।

# दैवीय संपदा को प्राप्त करने का मार्ग हैं सहजयोग

तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।
भवन्ति सम्पदं दैवीमभिजातस्य भारत।।
**श्रीमद्भगवद्गीता**

अर्थ - तेज (प्रभाव), क्षमा, धैर्य, शरीरकी शुद्धि, वैर भावका न रहना और मान को न चाहना, हे भरतवंशी अर्जुन ! ये सभी दैवी सम्पदाको प्राप्त हुए मनुष्यके लक्षण हैं। प. पू. श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित सहजयोग एक अनूठी ध्यान पद्धति इसलिये है क्योंकि यह ध्यान के साधक को सर्व-प्रथम 'निर्विचार अवस्था' प्रदान करता है और तद्नंतर साधक आत्मपरीक्षण कर अपनी अध्यात्मिक उत्थान की और अग्रसर होता है। पाँच हजार वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को यह योग यह बताया था और आज के कलियुग में पुनः एक बार आत्मा का ज्ञान देने वाला यह योग प. पू. श्री माताजी ने हम सभी के लिये प्रतिस्थापित किया है। इस ध्यान योग के माध्यम से जब हमारे सूक्ष्म शरीर में स्थित एक-एक चक्र स्वच्छ होते हैं तब हम धीरे-धीरे - अर्जुन जैसे देवी संपदा से अलंकृत होते हैं। जब हमारा मूलाधार चक्र स्वच्छ होता है तब हम अंतस से शुद्ध, निर्मल, निरंजन और अबोध बनते हैं।नियमित ध्यान से जब हमारा हृदय चक्र स्वच्छ होता है तब इसे धृतीः अर्थात धैर्य, आत्मविश्वास प्राप्त होता है । हमारे अंतकरण में सभी के लिए मित्रता की भावना और अतिशयता का अभाव व संपूर्ण संतुलन की अवस्था प्राप्त होती है । आज्ञा चक्र स्वच्छ होते ही हम क्षमाशील बन जाते हैं और सहस्त्रार चक्र पर नियमित ध्यान करने से हमें तेज अर्थात तेजस्विता प्राप्त होती है। हमारे संपर्क में आने वाले नकारात्मक व्यक्ति को भी हमारी उपस्थिति में गलत बर्ताव करने का साहस नहीं होता ।

प. पू. श्रीमाताजी कहते हैं कि उपरोक्त वर्णित सारे गुण एक सहज साधक में स्थित होने चाहिये अन्यथा सहज योग नहीं बढ़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने हमें आत्मपरीक्षण करना सिखाया। हमें अपने अंदर के दोष ढूंढकर उन्हें निकालना होगा। हमे अपनी दृष्टि दूसरों से हटाकर अपनी ओर करनी होगी। श्री कृष्ण जी का स्थान हमारे विशुद्धि चक्र पर है और उनका ध्यान करने से हमारे अंदर के सारे दोषों की सफाई होती है और हमारे अंदर श्री कृष्ण जी के गुण जैसे



की मधुरता, आल्हाद, हर्षोल्लास प्रस्थापित होता है। हम अपने आपसे या अन्य किसी से कभी भी नाराज नहीं होना चाहिये, यही सही मायने में श्री कृष्ण जी की पूजा है। तो आईये अपने अंदर दैवी संपदा धारण करने व करने के लिए सीखते हैं सहजयोग। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# सीईओ ने वृंदावन ग्रामों का किया भ्रमण, दी योजना की जानकारी






**रंजीत टाइम्स**

शहडोल। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह ने जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत वृंदावन योजना के तहत चयनित ग्राम सिंदूरी एवं चुनिया का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को वृंदावन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक जिले में ऐसे ग्राम का चयन किया गया है, जहां जनसंख्या 2000 से अधिक एवं गौवंश की संख्या 500 से अधिक हो, ताकि ये ग्राम आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश के अन्य गांवों के लिए विकास की मिसाल प्रस्तुत कर सकें। इस योजना के अंतर्गत गौ पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना निर्माण, स्वरोजगार एवं स्वच्छता जैसे कार्यों को सरकार द्वारा 6 चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में चयनित वृंदावन ग्रामों में गौशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल भवन, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, आजीविका वर्कशेड, पशु चिकित्सालय, सड़क कनेक्टिविटी, पीडीएस दुकान एवं सौर ऊर्जा आधारित हर घर जल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।